# सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।

## 62वीं बोर्ड बैठक

(परिचालन के माध्यम से)

दिनांक 12-07-2021।

# विचाराधीन विषयों की सूची

Scanned by CamScanner

# विषय सूची

| एजेन्डा आईटम सं0 | विषय | पृष्ठ सं0 |
|---|---|---|
| 62/01 | अयोध्या नगर के सुनियोजित विकास हेतु तैयार किये जा रहे अयोध्या डेवलपमेन्ट प्लान की तरह सहारनपुर नगर का सिटी डेवलपमेन्ट प्लान तैयार किये जाने के सम्बन्ध में। | 1 – 69 |
| | अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से। | |

Scanned by CamScanner

# एजेन्डा नोट

**आईटम संख्या : 62/01 (परिचालन के माध्यम से)**

**विषयः—अयोध्या नगर के सुनियोजित विकास हेतु तैयार किये जा रहे अयोध्या डेवलपमेन्ट प्लान की तरह सहारनपुर नगर का सिटी डेवलपमेन्ट प्लान तैयार किये जाने के सम्बन्ध में।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर मुख्य सचिव, मा० मुख्यमंत्री जी, उ०प्र० शासन के पत्र संख्या आर–40/सीएम–2/2021 दिनॉक 20.01.2021 तथा विशेष सचिव एवं स्टॉफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ०प्र० शासन के पत्र संख्या 53/पी०एस०एम०एस०/2021 दिनॉक 29.01.2021 के माध्यम से अयोध्या नगर के सुनियोजित विकास हेतु तैयार किये जा रहे अयोध्या डेवलेपमेन्ट प्लान की तरह अन्य 13 नगरों, जिसमें सहारनपुर नगर भी सम्मिलित है, के लिए मा० मुख्यमंत्री जी की अपेक्षानुसार सिटी डेवलेपमेन्ट प्लान तैयार कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। दिनॉक 16.03.2021 को मुख्य सचिव महोदय, उ०प्र० शासन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इन प्लान्स् को बनाये जाने के सम्बन्ध में नीति विषयक निर्देश जारी किये गये हैं। तदोपरान्त आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 के पत्र संख्या 64/आठ–1–21–एम०एस०–02/2021 दिनॉक 05.04.2021 के माध्यम से मॉडल ड्राफ्ट आर०एफ०पी० की प्रति उपलब्ध कराते हुए स्थानीय आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के आधार पर सुसंगत आर०एफ०पी० तैयार कर मण्डलायुक्त महोदय की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के साथ बैठक आयोजित कर आर०एफ०पी० डॉक्यूमेन्ट को अन्तिम रूप दिये जाने के निर्देश दिये गये है।

उपरोक्त विषयक प्रकरण में प्रमुख सचिव महोदय, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित विभिन्न साप्ताहिक समीक्षा बैठकों में **"सिटी डेवलपमेन्ट प्लान"** की परिकल्पना को स्पष्ट करते हुए कतिपय बिन्दुओं का समावेश करते हुए "सिटी डेवलपमेन्ट प्लान" तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये है। उपरोक्तानुसार सिटी डेवलेपमेन्ट प्लान तैयार कराये जाने हेतु प्रदत्त नीति विषयक निर्देश सहित अन्य प्रदत्त निर्देशों का विवरण निम्नवत् हैः–

**(1) प्राधिकरण द्वारा मात्र शहर के लिए एक वीजन डॉक्यूमेन्ट तैयार कराया जाना है, जिसे आगामी 20–30 वर्ष में सिटी किस प्रकार विकसित होगी? उसकी क्या आवश्यकता होगी? उसे कैसे नियोजित किया जाये? बिन्दु सम्मिलित होगें।**

**(2) सिटी डेवलेपमेन्ट प्लान तैयार किये जाने की कार्यवाही प्राधिकरण द्वारा नगर निगम से विचार–विमर्श कर बोर्ड के अनुमोदन के उपरान्त की जायेगी।**

**(3) कन्सलटेन्ट के चयन पर आने वाला व्यय प्राधिकरण द्वारा यथासंभव अपने स्रोतों से वहन किया जायेगा।**

**(4) प्रकरण में अन्तर्विभागीय समन्वय एवं अनुश्रवण हेतु शासन स्तर पर समिति तथा परियोजना के कियान्वयन हेतु मण्डलायुक्त महोदय की अध्यक्षता में बिड इवैल्यूएशन एवं इम्पलीमेन्टेशन कमेटी का गठन किया जायेगा।**

**(5) सिटी डेवलेपमेन्ट प्लान को अन्तिम किये जाने से पूर्व मा० मुख्यमंत्री जी के समक्ष प्रस्तुतीकरण कराते हुए मार्ग–दर्शन प्राप्त कर लिया जाये।**

**(6) यदि किसी शहर का अद्यतन सिटी डेवलेपमेन्ट प्लान बना है तो किसी भी दशा में पुनरावृत्ति न किया जाये। कई शहरों में स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत भी प्रोजेक्ट्स प्रस्तावित है। उन सभी को समेकित करते हुए सिटी डेवलपमेन्ट प्लान बनाये जाये।**

Scanned by CamScanner

(7) मॉडल सिटी डेवलमेन्ट प्लान के अनुसार डी०पी०आर० कन्सलटेन्ट द्वारा नहीं तैयार की जानी है, लेकिन अगर मण्डल स्तरीय समिति विभागों के वित्तीय संसाधनों के परीक्षण के उपरान्त यह उचित समझती है, तो वह डी०पी०आर० के बारे में विचार कर सकती है। इस सम्बन्ध में शासन स्तर से किसी भी बजट का अलग से प्राविधान नही किया जायेगा। प्राधिकरण द्वारा अपने अथवा विभिन्न विभागों के बजट से ही इन परियोजनाओं का कियान्वयन किया जायेगा।

(8) किस–2 सैक्टर के लिए प्री–फिजीबिलिटी रिपोर्ट तथा किस–2 सैक्टर के लिए डी०पी०आर० तैयार की जानी है। यह मण्डल स्तरीय समिति द्वारा निर्धारित किया जायेगा तथा पूर्व में कतिपय विभागों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित बनायी गई प्री–फिजीबिलिटी रिपोर्ट/डी०पी०आर० का समावेश सिटी डेवलेपमेन्ट प्रोजेक्ट्स में किया जायेगा तथा किसी भी प्रकार की डुप्लीकेसी को नहीं होने दिया जायेगा।

उक्त निर्देशों के अनुपालन में दिनॉक 18.02.2021 को नगर निगम के अधिकारियों, स्मार्ट सिटी से सम्बन्धित कार्यदायी संस्था पी०एम०सी० के कार्यकारी पदाधिकारियों एवं आर्कीटेक्ट्स के साथ एवं दिनॉक 20.02.2021 को पुनः नगर के आर्कीटेक्ट्स के साथ बैठक आहूत करते हुए विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। विचार–विमर्श में उक्त योजना में निम्न प्रस्तावों को सम्मिलित किये जाने के सुझाव प्राप्त हुए:–

(1) काम्प्रीहेन्सिव मोबिलिटी प्लान।
(2) रेलवे ओवर ब्रिजों का निर्माण।
(3) अण्डरग्राउण्ड पार्किंगों का निर्माण।
(4) ई–रिक्शा पार्किंग का निर्माण।
(5) अम्बाला बस स्टैण्ड के शिपिटिंग का कार्य।
(6) टूरिज्म डेवलेपमेन्ट।
(7) सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट।
(8) दुग्ध पशु–पालकों की शहर के बाहर शिफ्टिंग हेतु सड़क, बिजली, पानी, टिन शेड का निर्माण।
(9) शैक्षणिक एवं मेडिकल संस्थाओं का विकास।
(10) वुडन हैण्डीक्राफ्ट एक्सपो, जिसमें फूड कोर्ट, बैक्वेटिंग, शिल्पकारों हेतु शिल्पग्राम आदि का निर्माण।
(11) हौजरी एक्सपो आदि का निर्माण।
(12) रोडवेज वर्कशॉप की शहर के बाहर शिफ्टिंग।
(13) शहर के अन्दर अव्यवस्थित रूप से जगह–जगह संचालित रेहडी–पटरी दुकानों को रेहडी मार्केट बनाकर व्यवस्थित करना तथा झुग्गी–झोपडियों में निवासित निराश्रित परिवारों को सुव्यवस्थित रूप से भवन निर्माण कराते हुए पुर्नवास करना।
(14) शहर के अन्दर व्यस्तम मुख्य मार्गो पर यातायात के दबाव को कम करके सुगम व सुरक्षित यातायात के संचालन हेतु शहर की वाह्य सीमा पर मुख्य मार्गो को जोड़ते हुए रिंग रोड़ के निर्माण के साथ–साथ कतिपय मार्गो का विस्तार एवं चौडीकरण कराने एवं ढमोला नदी पर जगह–जगह वायर ब्रिज बनाकर लम्बी दूरी के मार्गो को छोटी दूरी के पहुँच मार्गो के रूप में निर्मित करना।
(15) पर्यावरण एवं सौन्दर्यीकरण के दृष्टिगत ढमोला नदी के दोनो किनारों को स्टोन पिचिंग के द्वारा संरक्षित करते हुए वृक्षारोपण, फुटपाथ एवं प्रकाश व्यवस्था कराना।
(16) शहर के समस्त चौराहों को अतिकमण मुक्त कराते हुए रोटरी सहित सौन्दर्यीकरण का कार्य कराना।
(17) कुष्ठ आश्रमों का विकास आदि।

स्थानीय आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के दृष्टिगत प्राप्त उपर्युक्त सुझावों के आधार पर शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई मॉडल आर०एफ०पी० में सुसंगत संशोधन करते हुए सहारनपुर शहर के लिए समग्र विजन प्लान तैयार किये जाने के लिए योग्य कन्सलटेन्ट के चयन हेतु आर०एफ०पी० प्रारूप तैयार

Scanned by CamScanner

करते हुए शासन के निर्देशों के अनुपालन मे प्राधिकरण बोर्ड से अनुमोदन प्राप्त किये जाने से पूर्व आर0एफ0पी0 को अन्तिम रूप दिये जाने हेतु आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित की जाने वाली प्रस्तावित सदस्यों की समिति/बिड इवैल्यूएशन एवं इम्पलीमेन्टेशन कमेटी की स्वीकृति सहित बैठक आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आयुक्त/अध्यक्ष, सहारनपुर मण्डल/सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिनांक 05.07.2021 को अपराह्न 12:00 बजे सहारनपुर नगर हेतु सिटी डेवलपमेन्ट प्लान तैयार किये जाने के सम्बन्ध में विभिन्न सम्बन्धित विभागो के अधिकारियों/स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ संलग्न है।(संलग्नक-1), जिसमें जिलाधिकारी, सहारनपुर के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित अपर जिलाधिकारी (प्र0), पुलिस अधीक्षक, यातायात, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष श्री अनुपम गुप्ता, इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री गिगलानी, हौज़री व्यापार मण्डल के अध्यक्ष श्री मनजीत अरोडा, वुड कार्विंग उद्योग के अध्यक्ष श्री गुड्डू, वास्तुविद श्री मनमीत बजाज द्वारा शहर के समग्र विकास हेतु सुझाव दिये गये।

सहारनपुर विकास प्राधिकरण के सहायक नगर नियोजक श्री गोर्की कौशिक द्वारा सिटी डेवलेपमेन्ट प्लान को बनाये जाने के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत नीति विषयक निर्देशों से बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों/स्टेक होल्डर्स को अवगत कराया गया कि शहर में संचालित/प्रस्तावित विभिन्न योजनाओं का समावेश करते हुए सिटी डेवलेपमेन्ट प्लान तैयार कराया जाना है ताकि किसी भी दशा में संचालित/प्रस्तावित कार्यो की पुनर्रावृत्ति न हो। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया कि शासन स्तर से इन परियोजनाओं हेतु किसी भी बजट का अलग से प्राविधान नही किया जायेगा। प्राधिकरण द्वारा अपने अथवा विभिन्न विभागों के बजट से ही इन परियोजनाओं का कियान्वयन किया जायेगा। अन्य सभी विभागों के कार्य हेतु डेवलेपमेन्ट ऑथोरिटी मात्र कोर्डिनेशन का कार्य करेगी।

बैठक में आयुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि सहारनपुर शहर "**ब्राउन फील्ड सिटी**"होने के कारण शहर की विद्यमान सुविधाओं में सुधार करके शहर के बाहरी क्षेत्र को वैश्विक औद्योगिक, चिकित्सा, शैक्षिक, पर्यटन, आई0टी0 क्षेत्र के रूप में विकसित करते हुए शहर का समग्र विकास किया जा सकता है। आयुक्त महोदय द्वारा यह उल्लेख करते हुए कि यह क्षेत्र कृषि एवं फल उत्पादक क्षेत्र होने के कारण यहॉ पर खाद्य प्रसस्करण एवं कृषि आधारित उद्योग से सम्बन्धित परियोजनाओं के विकास की अपार सम्भावनायें है, जिसके लिए सहारनपुर की सीमा से सटे हुए अन्य राज्यों के जंक्शनों पर विशिष्ट/कीटिकल क्षेत्र विकसित किये जा सकते है। आयुक्त महोदय द्वारा समस्त अधिकारियों/स्टेक होल्डर्स को ड्राफ्ट आर0एफ0पी0 में सिटी डेवलपमेन्ट प्लान से सम्बन्धित परिवर्तन अथवा परिवर्द्धन सम्बन्धी सुझाव सहारनपुर विकास प्राधिकरण को शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि प्राप्त सुझावों के आधार पर ड्राफ्ट आर0एफ0पी0 में यथोचित संशोधन करते हुए प्राधिकरण बोर्ड से सैद्धान्तिक स्वीकृति उपरान्त आर0एफ0पी0 का प्रकाशन कराया जा सके। बैठक में उपस्थित अधिकारियों/स्टेट होल्डर्स द्वारा दिये गये विभिन्न सुझाव औद्योगिक, चिकित्सा, शैक्षिक, पर्यटन आदि क्षेत्रों से सम्बन्धित है, जो ड्राफ्ट आर0एफ0पी0 में शहर के समग्र विकास हेतु प्रस्तावित क्षेत्रों/मुख्य घटक के अन्तर्गत आच्छादित है, जिनका विस्तृत समावेश चयनित कन्सलटेन्ट द्वारा सिटी डेवलेपमेन्ट प्लान तैयार करते समय किया जायेगा। इसके अतिरिक्त आयुक्त महोदय द्वारा उक्त क्षेत्रों सहित सूचना प्रोद्योगिकी(आई0टी0) को भी वर्तमान परिवेश में समग्र विकास हेतु मुख्य घटक के रूप में सम्मिलित किये जाने हेतु किये गये उल्लेख को दृष्टिगत रखते हुए आई0टी0 को भी ड्राफ्ट आर0एफ0पी0 में मुख्य घटक के रूप में सम्मिलित कर लिया गया है। बैठक में शासन के निर्देशों के अनुपालन में परियोजना के सुचारू कियान्वयन हेतु मण्डलायुक्त महोदय की अध्यक्षता में बिड इवैल्यूएशन एवं इम्पलीमेन्टेशन कमेटी के गठन की स्वीकृति भी प्रदान करते हुए प्रश्नगत परियोजना मा0 मुख्य मंत्री जी की शीर्ष प्राथमिकता होने के कारण कार्य की आवश्यकता एवं समयबद्धता के दृष्टिगत शासन के

Scanned by CamScanner

निर्देशानुसार सिटी डवलपमेन्ट प्लान नियमानुसार तैयार किये जाने की कार्यवाही प्राधिकरण बोर्ड से परिचालन के माध्यम से अनुमोदित कराने के निर्देश दिये गये।

अतः स्थानीय आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के दृष्टिगत प्राप्त उपर्युक्त सुझावों के आधार पर शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई मॉडल आर0एफ0पी0 में सुसंगत संशोधन करते हुए सहारनपुर शहर के लिए समग्र विजन प्लान तैयार किये जाने के लिए योग्य कन्सलटेन्ट के चयन हेतु आर0एफ0पी0 का प्रकाशन कराते हुए मा0 मुख्यमंत्री जी की अपेक्षा अनुसार सहारनपुर शहर हेतु सिटी डेवलपमेन्ट प्लान नियमानुसार तैयार किये जाने की कार्यवाही मा0 बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

## निर्णय

अवलोकनोपरान्त मा0 बोर्ड द्वारा सहारनपुर नगर का सिटी डेवलपमेन्ट प्लान तैयार किये जाने के लिये कन्सलटेन्ट के चयन सम्बन्धी आर0एफ0पी0 को अनुमोदित करते हुये स्वीकृति प्रदान की जाती है।

**अधिशासी अभियन्ता**
प्रतिनिधि–अधीक्षण अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, सहारनपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**
प्रतिनिधि–अधीक्षण अभियन्ता,
उ0प्र0जल निगम, सहारनपुर।

**सहायक नगर नियोजक (विशेष आमंत्री)**
मेरठ/सहारनपुर विकास प्राधिकरण,
सहारनपुर।

**अपर निदेशक (कोषागार), सहा0**
प्रतिनिधि–सचिव, वित्त, उ0प्र0शासन, लखनऊ।

(एस.टी. गौड़)
**प्रतिनिधि–मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक**
**उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

**(राकेश जैन)**
गैर सरकारी/ मनोनीत सदस्य

**(सुरेन्द्र शर्मा)**
गैर सरकारी/मनोनीत सदस्य

**(अमित गगनेजा)**
गैर सरकारी/ मनोनीत सदस्य

**(ज्ञानेन्द्र सिंह)**
नगर आयुक्त/उपाध्यक्ष
नगर निगम/विकास प्राधिकरण
सहारनपुर।

**(अखिलेश सिंह)**
जिलाधिकारी,
सहारनपुर।

**(ए0वी0 राजमौलि)**
अध्यक्ष/आयुक्त
विकास प्राधिकरण/सहारनपुर मण्डल,
सहारनपुर।

Scanned by CamScanner